# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510








संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, मंगलवार 02 दिसंबर 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2। पया मो. 9993268143


## एफआईआर की प्रतियां जलाकर रोष प्रदर्शन करेंगे




भोपाल हेडलाइंस मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष, नेशनल मूवमेंट ऑफ़ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि 02 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में एफ आई आर की प्रतियां जलाकर रोष प्रगट करते हुए दर्ज एफआईआर को वापिस की मांग मध्यप्रदेश के कर्मचारी करेंगे।


ज्ञातव्य होवे कि 25 नवंबर 2025 को संवैधानिक महारैली नई दिल्ली के जंतर-मंतर में पुरानी पेंशन बहाली,टेट की अनिवार्यता समाप्त एवं निजीकरण,निगमीकरण की समाप्ति को लेकर देश व्यापी शांति पूर्वक प्रदर्शन किया गया। जिसकी नियमानुसार अनुमति ली गई थी,अधिक संख्या का हवाला देकर दिल्ली पुलिस प्रशासन द्वारा नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय वरिष्ठता उपाध्यक्ष श्री सुखजीत सिंह सहित अन्य तीन श्री विजेन्द्र सिंह धालीवाल, श्री रूपेश कुमार,श्री सर्वजीत सिंह पदाधिकारियों पर विभिन्न धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिसमें बताया गया पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना प्रदर्शन में नियमों की अनदेखी की गई। इस बात लेकर देश भर के कर्मचारियों में भारी रोष है, क्योंकि अपने अधिकार के लिए शान्ति पूर्ण तरीके से बात कहने का अधिकार देश के कर्मचारियों को हैं। सरकार और प्रशासन से इस कार्यक्रम की नियमानुसार अनुमति ली गई और प्रदर्शन शान्ति पूर्ण तरीके से निर्धारित स्थान व समय पर किया गया।

कर्मचारी का पुराना पेंशन संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए विगत 15 वर्षो से निरंतर आन्दोलन जारी है। किन्तु सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांग नहीं मानी जा रही है कर्मचारी अपने भविष्य की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं एफ आई आर के विरोध में श्री विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश व्यापी एफ आई आर की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। 02 दिसंबर 2025 को शाम 5 बजे मध्यप्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर तहसील कार्यालय के समक्ष एफआईआर की कापी जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष परमानंद डेहरिया, डॉक्टर अशफाक खान, धर्मेंद्र चौकसे, अनिल बाविस्कर ,विजय राठौड़, अनिल सातव, राजेश साल्वे, राजेश पाटील,राजकुमार मंडलोई ,विनोद राठौर, सदानंद कापसे, श्रीमती प्रमिला सगरे, ज्योति पाटील ने मध्यप्रदेश के कर्मचारियों से अपील की की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर एफ आई आर के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करें।

## वरिष्ठ भाजपा के नेता समाजसेवी यशवंत रोकडिया का निधन मोक्ष धाम काशी में हुआ एवं उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर किया गया

**भोपाल हैडलाइन छत्रपाल सिंह चौहान**



बुधनी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकतरा शोक की लहर जब दौड़ गई जब इस बात का पता चला की भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी बकतरा निवासी यशवंत रोकडिया का निधन मोक्ष धाम काशी में हो गया है तो बकतरा के समस्त क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई सभी की आंखें नम हो गई एवं उनके द्वारा किए गए अमिट कार्यों को स्मृति पटल पर लेकर स्मरण किया गया हम आपको बता दें भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत रोकडिया पूर्व मुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री के उस जमाने के वरिष्ठ साथी हैं तब शिवराज सिंह चौहान संघर्ष कर रहे थे उस संघर्ष में यशवंत रोकडिया उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलते थे आज समस्त बुधनी क्षेत्र में उनके चाहने वालों को इस बात का समाचार प्राप्त हुआ तो उनकी आंखें नम हो गई एवं उनके संघर्षीय जीवन को याद किया गया भाजपा नेता के साथ-साथ वह सामाजिक कार्यकर्ता भी थे समाज में संपूर्ण कार्य के लिए तत्पर खड़े रहते थे जिसमें किसी भी जाति के या धर्म के लोग हो उनके साथ उनके कार्य में एक पैर पर खड़े होकर कार्य करवाते थे लेकिन कुछ वर्षो स्वास्थ ठीक नहीं था एवं अब घर पर ही थे लेकिन अचानक कुछ दिन पहले उनकी तबीयत बिगड़ी एवं उनका बंसल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां पर उनका इलाज हुआ तथा बंसल हॉस्पिटल से रेफर कर उनको एम्स में भर्ती कर दिया गया। लेकिन उनकी तबीयत में कुछ सुधार नहीं हुआ तबीयत और बिगड़ गई एम्स के डॉक्टरों ने उन्हें घर ले जाने को कहा उनके निज निवास बकतरा लाया गया जहां पर उनके परिजनों ने उन्हें देखा एवं निज निवास से उनको मोक्ष धाम काशी ले जाया गया जहां पर उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली एवं उनका अंतिम संस्कार मोक्ष धाम काशी गंगा किनारे किया गया शोकुल परिवार महेंद्र रोकडिया राजेश रोकडिया अमरदीप रोकडिया डॉक्टर प्रवीण चौहान देवेंद्र चौहान अरविंद रोकडिया नवीन रोकडिया विश्वजीत रोकडिया आयन रोकडिया एवं समस्त ग्रामवासी बकतरा ने उन्हें अपनी नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि दी

## विश्व एड्स दिवस पर सम्मान संस्था भोपाल द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




भोपाल।विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सम्मान संस्था भोपाल द्वारा सम्मान सभागार, भोपाल में एक व्यापक एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन-सामान्य में जागरूकता फैलाना, रोकथाम संबंधी उपायों पर प्रकाश डालना और स्वस्थ समाज के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम की शुरुआत यूथ ग्रुप द्वारा प्रार्थना गीत के मध्यम से किया गया। सम्मान के निदेशक फादर साइमन जेम्स ने स्वागत भाषण देते हुए एचआईवी एड्स रोकथाम में निरंतर सामुदायिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

इसके बाद तीन विशेषज्ञों द्वारा जागरूकता वार्ता आयोजित की गई जिसमे श्रीमती रजनी सक्सेना, प्रोजेक्ट मैनेजर (स्नस्ड्ड), टार्गेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट, एमपीसैक्स ने एच. आई. वी.एड्स के संदर्भ में जागरुकता का प्रसार किया। सुश्री पल्लवी नागले, काउंसलर, सम्मान भोपाल ने रोगियों कि मनोदशा पर चर्चा करते हुए, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ज़ोर दिया सुश्री सुनंदा चौधरी हेड कांस्टेबल थाना हबीबगंज ने अपने वक्तव्य में पारिवारिक जिम्मेदारी के माध्यम से रोग से बचाओ के बारे में बताया।इन सत्रों में एचआईवी संक्रमण, रोकथाम, परामर्श एवं सामुदायिक हस्तक्षेपों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कुल 150 प्रतिभागियों ने कार्यकर्म मे भाग लिया। इस अवसर पर युवाओं के द्वारा जगरुकता पोस्टर बनाऐ गए जिन्हे पुरुस्कृत किया गया।कार्यक्रम का समापन सुश्री प्रतिमा लुगुन के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ सम्मान संस्थान ने सभी प्रतिभागियों, विशेषज्ञों और स्वयंसेवकों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## रोलगांव में धूमधाम से मनाया गया रूप योगी का पहला जन्मदिन – पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**भोपाल हेडलाइंस, सिराली संवाददाता संजय योगी।**

रोलगांव/रोलगांव में रूप योगी का पहला जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। रूप योगी, पिता विकास योगी और माता लक्ष्मी योगी के सुपुत्र हैं। विशेष बात यह रही कि इस अवसर पर परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पौधा रोपण किया। पिता विकास योगी ने बताया कि वे हर वर्ष रूप के जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प ले चुके हैं, ताकि बच्चे के साथ-साथ प्रकृति भी सुरक्षित और मजबूत हो सके। इस अवसर पर पड़े पापा मनोज योगी, नवीन योगी भोपाल हेडलाइंस न्यूज़ 24 के मीडिया प्रभारी संजय योगी,संतोष योगी प्रदुम योगी रिंकू योगी देवेंद्र योगी सहित परिवारजन और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने खेलकूद का आनंद लिया और परिवार ने सभी मेहमानों का स्वागत कर जन्मदिन खुशी के साथ मनाया। ग्राम में इस पहल की सराहना की गई और सभी ने पर्यावरण बचाने के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताया।

## अधिमान्य पत्रकार अमित वर्मा बने जंप के प्रांतीय सचिव

**भोपाल हैडलाइन संतोष योगी**



भोपाल- विगत दिवस 3 नवंबर 2025 को जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ म.प्र. जंप के द्वारा प्रांतीय सचिव पद पर नियुक्ति किये जाने के लिए बैठक भोपाल में आयोजित की गई। जर्नलिस्टस यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जंप) के संगठन विस्तार पर अमित कुमार वर्मा अधिमान्य पत्रकार मध्य प्रदेश शासन करेली जिला नरसिंहपुर मप्र को डॉ नवीन आनंद जोशी, राष्ट्रीय महासचिव,डॉ कमल आलोक प्रसाद,राष्ट्रीय सहप्रवक्ता,महेंद्र शर्मा प्रांतीय महासचिव,राहुल सक्सेना, राजीव गौर प्रांतीय संगठन सचिव की अनुशंसा पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण सक्सेना ने आगामी आदेश तक प्रांतीय सचिव नियुक्त किया गया है। श्री वर्मा ने प्रांतीय सचिव पद पर नियुक्त होने पर कहा है कि अपने प्रभार के क्षेत्र में संगठन के नियमों के परिपालन में संभाग, जिला, तहसील,ब्लाक कार्यकारिणी का शीघ्र गठन करेंगे एवं जिन पत्रकारों के साथ गलत अपराधिक मामला बनाया जाता है और पत्रकारों पर हमला किया जाता है तो उन पत्रकार के साथ जंप पत्रकार संघ उस को न्याय दिलाने में तत्पर साथ है। श्री वर्मा को जंप मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव बनाये जाने पर संघ के पदाधिकारियों और उनके शुभचिंतकों ने बधाइयां प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब हो कि श्री वर्मा पहले अन्य पत्रकार संघठन में प्रदेश सचिव व उपाध्यक्ष के पद पर पत्रकारिता क्षैत्र में कार्य कर चुके हैं वर्तमान में सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय सचिव पर भी कार्य कर रहें हैं।

## गीता जयंती पर विद्यार्थियों को बाटी गीता

भोपाल हेडलाइंस विजय श्री एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित लाइफ़ लाइन स्कूल में स्कूल में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को धार्मिक ग्रंथ गीता वितरित किया गया। हर वर्ष एक दिसंबर को गीता जयंती आती है उसी दिन सभी को गर्भ गीता बांटी जाती है आज भी सभी विद्यार्थियों को बाटी गई। देखा गया है कि बचपन में सिखाया गया आ,आ,इ,ई कोई नहीं भूलता है उसी तरह अगर बच्चों को बचपन से ही धार्मिक बाते सिखाई या पढ़ाई जाए तो वह जीवन पर्यन्त याद रहतीं है। इसी को ध्यान में रखकर बचपन में ही यहां गीता का ज्ञान दिया जाता है। आज यहां प्राचार्या द्मद्बह्लड्डठ्ठ वाधवानी ने सभी को पॉकेट ग्रंथ गर्भ गीता बाटी। अब अवश्य ही विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा




### भोपाल केंद्रीय जेल में श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ

## गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेया शैलबाला पण्ड्याजी का जन्मदिन : पावन गीता जयंती पर विशेष आयोजन






भोपाल। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन तथा गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के सहयोग से इस वर्ष शासन द्वारा घोषित गीता जयंती कार्यक्रम बड़े उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में केंद्रीय कारागार भोपाल में जेल मुख्यालय द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक स्वसवर रूप से पाठ किया गया। कार्यक्रम के साथ ही गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेया शैलबाला पण्ड्याजी का जन्मदिवस–जो प्रतिवर्ष गीता जयंती के पावन अवसर पर मनाया जाता है–भी श्रद्धा व गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व, गायत्री परिवार के उद्देश्यों तथा संगठन द्वारा संचालित लोककल्याणकारी अभियानों का परिचय भी उपस्थितजनों को कराया गया। यह आयोजन जेल प्रा शासन के सहयोग से किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जेल महानिरीक्षक श्री संजय पांडे, जेल अधीक्षक श्री राकेश भांगरे, शांतिकुंज हरिद्वार के राष्ट्रीय समन्वयक (युवा प्रकोष्ठ) श्री केदार प्रसाद दुबे,वरिष्ठ प्रतिनिधि श्री सदानंद अम्बेकर, मीडिया प्रभारी श्री रमेश नागर तथा श्री अभिषेक परमार उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया।

व्यासपीठ से वक्तव्य देते हुए श्री सदानंद अम्बेकर ने श्रद्धेया शैल बहिन जी के जीवन-व्रत, उनके आध्यात्मिक योगदान तथा शांतिकुंज में प्रतिवर्ष गीता जयंती पर होने वाले विशेष आयोजन का उल्लेख किया। आदरणीय श्री केदार प्रसाद दुबे ने गीता के प्रत्येक श्लोक का गहन अर्थ, उसके जीवन-उपयोगी स्वरूप तथा वर्तमान जीवन में उसकी प्रासंगिकता को सरल एवं प्रभावशाली शैली में बंदीजनों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता के 15 अध्याय में जिसका नाम पुरुषोत्तम योग है, वह वस्तुतः जीवात्मा के ईश्वर से मिलने की दिशा में की जाने वाली यात्रा के बारे में है।

इस अध्याय में योगेश्वर कृष्ण कहते हैं कि यह संसार एक उल्टे अश्वत्थ वृक्ष की तरह है जिसमें पत्तियां नीचे और जड़ ऊपर है अर्थात इसमें पत्तियों के रूप में संसार की भौतिक कामनाएं जुड़ी हुई हैं और व्यक्ति इन्हीं में जीवन भर लिप्त रहता है। त्याग, ईश्वर आराधना, संयम, सत्संग के द्वारा इन बंधनों से मुक्त होकर जड़ों की ओर अर्थात परमपिता परमेश्वर पुरुषोत्तम तक की जीवात्मा की यात्रा का विषय वर्णन इस अध्याय में किया गया है । यह हमें बताता है कि हमारा अंतिम लक्ष्य उसे परम सत्ता तक पहुंचना है। साथ ही पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माताजी के जीवन-दर्शन तथा गायत्री परिवार के विश्व-कल्याणकारी प्रयासों पर भी प्रकाश डाला गया।

जेल के बंदी जनों की संगीत टीम ने कार्यक्रम को संगीतमय बनाया। कार्यक्रम में जेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों – एम.एस. मरावी (उप अधीक्षक), श्री दिनेश मुवेल (सहायक जेल अधीक्षक), श्री रामदास उमादे (कल्याण अधिकारी), श्रीमती जया यादव (सहायक जेल अधीक्षक) एवं श्री दानराज कनेश (सहायक जेल अधीक्षक) – की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। सामूहिक गीता पाठ के इस आध्यात्मिक आयोजन ने बंदियों में एकाग्रता, संयम, सद्भाव, सत्प्रेरणा और आत्मोन्नति की भावनाओं को प्रोत्साहित किया। उपस्थित अतिथियों एवं जेल प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई तथा इसे बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

# अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव : सांदीपनि विद्यालय में वैदिक ध्वनियों से गुंजायमान हुआ आध्यात्मिक उत्सव

खंडवा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य, रोचक और आध्यात्मिक आयोजन 1 दिसंबर 2025 को प्रातः 9ः55 बजे से दोपहर 12ः30 बजे तक शासकीय सांदीपनि विद्यालय, छैगांव माखन में गरिमापूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तरीय आयोजनों की तर्ज पर किए गए इस महोत्सव में ज्ञान, संस्कृति और सद्भाव का अद्वितीय संगम देखने को मिला। इस पावन उत्सव में 47 शिक्षक-शिक्षिकाएं, 12 जनप्रतिनिधि, 05 गणमान्य नागरिक तथा 852 विद्यार्थी सहित समूचा शिक्षण परिवार एकजुट होकर उपस्थित रहा, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई।



## मुख्य अतिथियों का आगमन एवं शुभारंभ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह मंडलोई (सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला मंत्री) रहे और अध्यक्षता जयपाल सिंह चौहान (भाजपा मंडल अध्यक्ष, छैगांव माखन) ने की। अतिथियों की पावन उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती एवं श्रीमद्भगवद्गीता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ग्राम के सरपंच लखनलाल गोलकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान, जनप्रतिनिधि शांतिलाल भलराय एवं संतोष हिरवे ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आध्यात्मिक कड़ियों की अद्भुत श्रृंखला शुभारंभ के पश्चात गीता पूजन, शंखनाद, स्वाति-वाचन, अतिथियों का तिलक-स्वागत एवं पौधा भेंट की परंपरा निभाई गई। कार्यक्रम के नोडल श्री शिवनाथ प्रसाद मिश्र द्वारा प्रस्तुत प्रेरणा गीत ने सभा को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

इसके उपरांत ब्रह्मनाद, ध्यान-साधना, गणेश गौरी वंदना, मानसिक पूजन, गायत्री मंत्र जप, सरस्वती वंदना, ईश-वंदना, गुरु-वंदना, गीता माहात्म्य वाचन एवं प्रेरक प्रसंगों की मनोहारी प्रस्तुति हुई। गीता अध्यायों का सार एवं सामूहिक पाठ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षणङ्क श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय का सामूहिक पाठ–सभी विद्यार्थियों, अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा एकाग्र भाव से किया गया। इस अध्याय का वाचन सहायक नोडल श्री दुर्गेश जोशी (शिक्षक) द्वारा किया गया। तत्पश्चात गीता के 18 अध्यायों का संक्षिप्त सार उपस्थित जनसमूह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गीता के उद्देश्य एवं लक्ष्य का वाचन सुश्री सुरभि शर्मा (सहायक संचालक) ने प्रभावशाली ढंग से किया।

## मुख्य अतिथियों का सारगर्भित उद्बोधन

मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में गीता को जीवन का मार्गदर्शक, कर्मयोग का शाश्वत ग्रंथ तथा मानवता का सर्वोच्च संदेश बताते हुए विद्यार्थियों को गीता के व्यवहारिक ज्ञान को जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। उनके सारगर्भित विचारों ने उपस्थित जन-समूह को गहराई तक प्रभावित किया।

### समापन एवं प्रसाद वितरण

समापन अवसर पर गीता जी की आरती, पुष्पांजलि और जय-घोष से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक तरंगों से भर उठा। आरती के पश्चात सभी विद्यार्थियों, अतिथियों और उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

### कृतज्ञता एवं संचालन

प्राचार्य सुश्री बरखा पाटीदार ने सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलताओं को रेखांकित किया। पूरे कार्यक्रम का अनुशासित एवं प्रभावी संचालन श्री शिवनाथ प्रसाद मिश्र (प्रभारी प्राचार्य, सिरसौद) द्वारा किया गया, जिन्हें सभी ने हृदय से सराहा। इस अवसर पर लोकेश जाटव, आशीष डोंगरे, आसमा खान, ज्योति बारे, मनोहर कुशवाह, लवकुश कुशवाह, अजय पालीवाल, संजीव कुमार पाण्डेय, राजेश थापक, रीना पटेल, प्रकाश सर मंडल, सहायक नोडल दुर्गेश जोशी, विनोद चोयल, जगदीश चौरे सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संगम रहा, बल्कि ज्ञान, अनुशासन और मानवता की ज्योति प्रज्वलित करने वाला अविस्मरणीय उत्सव सिद्ध हुआ।

# मारुति अस्पताल द्वारा श्री राम कथा में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य कैंप

## हजारों लोगों ने करवाई जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया उपचार एवं मार्गदर्शन

भोपाल मारुति अस्पताल द्वारा जंबुरी मैदान में चल रही श्री राम कथा के अवसर पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया, एवं वर्धमान सिटी में भी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य कैंप लगाया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुँचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। यह जानकारी अस्पताल के संचालक अजमेर रघुवंशी एवं भवानी सिंह रघुवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप को अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नागपुर की महिला चिकित्सक डॉ. सुष्मिता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त डॉ. अपूर्व कटारे, डॉ. संजीव महावर, डॉ. सुनील रघुवंशी, डॉ. अंकित जैन, डॉ. वरुण, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. देवेंद्र धाकड़, डॉ. रागिनी मौर्य सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। कैंप में आए सभी मरीजों को निशुल्क





दवाईयाँ भी वितरित की गईं। मारुति अस्पताल द्वारा किया गया यह सामाजिक सेवा कार्य स्थानीय लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ और श्री राम कथा स्थल पर आए श्रद्धालुओं द्वारा इसकी व्यापक सराहना की गई।

# गीता जयंती पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित

## उदासीनाचार्य भगवान श्रीचंद्र जन्म-महोत्सव एवं विशाल भंडारे के अवसर पर समाजसेवकों का हुआ सम्मान इस अवसर पर पंचांगकर्ता ज्योतिष आचार्य पंडित विनोद गौतम ने अपने विचार व्यक्त किये

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल। उदासीन आश्रम में आयोजित गीता जयंती एवं उदासीनाचार्य भगवान श्रीचंद्र जन्म-महोत्सव के पावन अवसर पर भव्य सम्मान समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा, धार्मिक कार्यों और मंदिर व्यवस्था से जुड़े कई सम्माननीय व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मंदिर के अध्यक्ष कन्हैया दास जी ने सभी अतिथियों, समाजसेवकों एवं सेवाधारकों को प्रमाण पत्र, फूलमाला एवं प्रेस्टो स्मृति पत्र देकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गंगा प्रसाद शास्त्री जी ने अपने उद्बोधन में गीता ज्ञान, सेवा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजसेवकों को आत्मीयता से सम्मानित किया। विशेष रूप से जगदीश दास शर्मा, अरविंद शर्मा, मोहन शर्मा सहित कई समाज हितैषियों को उनकी निरंतर सेवाओं के लिए मंच से सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ज्योतिष आचार्य द्वारा गंगा प्रसाद शास्त्री जी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

बैनर के अनुसार कार्यक्रम में उदासीनाचार्य परंपरा के महंतों और साधुओं का सान्निध्य प्राप्त हुआ, जिनके आशीर्वाद से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# श्री शिव भवानी हनुमान मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण भक्ति, सेवा और सहयोग का अद्भुत संगम

भोपाल (संवाददाता)। राजधानी के बिट्टन मार्केट स्थित श्री शिव भवानी हनुमान मंदिर में आज भक्ति, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत मिलन देखने को मिला। स्काई हेल्प ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित भव्य खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक जीवंत बना दिया। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां हर आने वाले को प्रेमपूर्वक खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।



यह सेवा कार्यक्रम हनुमान जी की कृपा एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और सामूहिक भक्ति की भावना को बढ़ावा देना था। स्काई हेल्प ऑर्गनाइजेशन ने पहले भी कई सामाजिक, धार्मिक और जनकल्याणकारी कार्य किए हैं, और आज का प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

संस्था के प्रमुख श्री स्वामी दुर्गा दास जी ने बताया कि ÷सेवा ही सच्ची साधना है। समाज के लोगों की सेवा करना ही हमारे लिए ईश्वर आराधना का सर्वोच्च रूप है। हनुमान जी की कृपा से हमारी संस्था लगातार जरूरतमंदों, श्रद्धालुओं और समाज के हर वर्ग के लिए सेवा कार्य कर रही है। आगे भी इसी तरह परोपकार और सेवा की भावना के साथ संस्था कार्य करती रहेगी।÷ उनके इन प्रेरक शब्दों ने उपस्थित भक्तों को आत्मीयता और आध्यात्मिकता से भर दिया।

कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य कार्य प्रबंधक किशोर बड़ोदिया, पवन यादव, बसंत कपूर, मुख्य पुजारी गोविंद प्रसाद तिवारी, रूपेश भटिया, यतेन्द्र गोयल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग किया। प्रसाद वितरण के दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की सेवा करते स्वयंसेवक निरंतर सक्रिय बने रहे। सभी ने अत्यंत अनुशासित एवं समर्पित भाव से प्रसाद वितरण कार्य संपन्न किया।

मंदिर में पूरे दिन आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति का माहौल बना रहा। भक्तों ने 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कई परिवारों ने सामूहिक रूप से दर्शन किए और अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। मंदिर की वातावरण में भजन-कीर्तन की धुनें गूंजती रहीं, जिसने श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति कराई।

मंदिर प्रबंधन समिति ने स्काई हेल्प ऑर्गनाइजेशन का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। संस्था द्वारा किया गया खिचड़ी प्रसाद वितरण विशेष रूप से गरीब और वंचित वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ, जिन्होंने भरपेट प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कुल मिलाकर आज का दिन सेवा, भक्ति और समानता का प्रतीक बन गया। स्काई हेल्प ऑर्गनाइजेशन के प्रयासों ने न केवल मंदिर परिसर में उत्साह का वातावरण बनाया, बल्कि समाज को यह भी संदेश दिया कि सेवा ही सर्वोच्च धर्म है और मानवता का मार्ग सदैव परोपकार से होकर गुजरता है।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न – डॉ. श्याम सिंह कुमरे बने चेयरमैन



संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा का निर्वाचन गुरुवार को निर्विरोध रूप से पूरा हुआ। यह प्रक्रिया कलेक्टर, जिला भोपाल एवं निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में रेड क्रॉस समिति के नियमों, प्रावधानों तथा माननीय राज्यपाल के निर्देशों के अनुसार संपन्न की गई। रेड क्रॉस के जनरल सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश की 47 जिला शाखाओं से निर्वाचित जिला प्रतिनिधियों के नाम प्राप्त होने के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। चेयरमैन पद के लिए सिवनी के डॉ. श्याम सिंह कुमरे (पूर्व द्वस), वाइस चेयरमैन पद के लिए रतलाम के मनीष रावत (समाजसेवी) तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए बैतूल के दीपेश मेहता ने नामांकन दाखिल किया था। निर्धारित अवधि में किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नामांकन न भरने के कारण तीनों पदों पर निर्वाचन निर्विरोध घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भोपाल द्वारा इसकी औपचारिक घोषणा की गई तथा प्रतिवेदन माननीय राज्यपाल को प्रेषित किया गया। इस बार का चयन इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि रेड क्रॉस सोसाइटी के इतिहास में पहली बार जनजातीय समुदाय से किसी प्रतिनिधि को चेयरमैन पद मिला है। डॉ. कुमरे लंबे समय से जनजातीय क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों, अधिकारों और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर लगातार कार्य करते रहे हैं। उनके नेतृत्व में जनजातीय समुदाय को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है

# ई पी एस 95 पेंशनर्स के लिए 7500 +डी ए एवं मेडिकल सुविधा की घोषणा की जाए

भोपाल हेडलाइंस ई पी एस 95 पेंशनर्स एसोशियेसन के राष्ट्रीय महासचिव अरुण वर्मा ने बताया की ई पी एस 95 पेंशनर्स द्वारा विगत कई वर्षों से रुपये 7500+डी ए एवं मेडिकल सुविधा के लिए विगत कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा है लेकिन भारत सरकार द्वारा अश्वासन मौखिक एवं लिखित मे अश्वासन देने के बाद भी अभी तक रुपये 7500+ डी ए की घोषणा नही की गई है ई पी एस 95 पेंशनर्स मे भारी असंतोष व्याप्त है जिसकी वजह से राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा 3 एवं 4 दिसम्बर 2025 को जंतर मंतर दिल्ली मे पेंशनर्स द्वारा आंदोलन किया जाएगा जिसमे हजारों की तादाद मे पेंशनर्स शामिल होने वाले थे किन्तु दिल्ली लाल किला के पास बम धमाके एवं रूस के राष्ट्रपति पुतिन के 4 दिसम्बर को दिल्ली आगमन तथा सी बी आई की गोपनीय् रिपार्ट की वजह से 3 एवं 4 दिसम्बर का धरना प्रदर्शन भारत सरकार के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया अतः राष्ट्रीय ई पी एस 95 पेंशनर्स एसो. के राष्ट्रीय महासचिव अरुण वर्मा ने मान्यनीय प्रधानमंत्री मोदी जी एवं केंद्रीय श्रम मंत्री जी से अनुरोध किया है कि ई पी एस 95 पेंशनर्स के लिए अति शीघ्र रुपये 7500+डी ए एवं मेडिकल सुविधा की घोषणा की जाए अनुरोध करने वालों मे अजय श्रीवास्तव आर एन कौल एस सी उपाध्याय आर एस रघुवंशी ए के व्योहार पी एल शर्मा एस सी त्रिपाठी श्याम सुन्दर शर्मा चंद्रभान राय एस एस तिवारी हतिम अली अंसारी पी सी जैन एस के शर्मा व्ही के शुक्ला एस के जोशी श्रीमती शिल्पा फडणवीस वीणा जोशी आर पी पाण्डे आदि शामिल हैं




स्वामी प्रकाशक मुद्रक एवं संपादक संतोष योगी द्वारा मां शारदा प्रिंटर्स मकान नंबर 28 कुमार पुरा चर्च रोड जिंसी चौराहा जहांगीराबाद भोपाल
मध्य प्रदेश से प्रकाशित 462008 से मुद्रित एवं मकान नंबर 549 अन्ना नगर हबीबगंज बीएचएल हजूर भोपाल मध्य प्रदेश 462023 से प्रकाशित सभी न्यायालय मामलों के लिए जिला न्यायालय भोपाल रहेगा